## स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जाएगा

रतलाम। रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्रि में भी मवेशियों को पकड़ा जाएगा, क्योंकि मवेशी पालकों द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है, जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 27 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 739 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 27 मार्च शनिवार को गांधी नगर व इन्द्रलोक नगर से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने पकड़े। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़कों–चौराहों को मवेशी मुक्त बनाए जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलों को अभियान चलाकर तोड़ा जाएगा, इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया है।

प्रसारण 31

## गंदगी करने पर 7 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। 50 माईक्रॉन की पॉलीथीन का उपयोग करने व गंदगी करने पर हीरालाल चांदनी चौक पर 2000, चंदन चांदनी चौक पर 1000, नवपद ज्वैलरी चांदनी चौक, शैलेन्द्र जेल रोड, साड़ी सरोवर नाहरपुरा पर 500–500, ईश्वर सैलाना बस स्टैण्ड व संजय कॉलेज रोड पर 100–100 का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सिंहासन 30

## अनुपस्थित 16 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारों झोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में 27 मार्च शनिवार को 16 सफाई संरक्षकों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर अस्थाई कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थाई कर्मचारियों को निलंबित किये जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

सिंहासन 30

# स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जायेगा

## 739 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। रतलाम नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 27 मार्च तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 739 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 27 मार्च शनिवार को गांधी नगर व इन्द्रलोक नगर से 2 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये। शहर के सार्वजनिक स्थानों, सड़को चौराहो को मवेशी मुक्त बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा शहर के मवेशी पालकों के बाड़े एवं तबेलो को अभियान चलाकर तोड़ा जायेगा इस हेतु निगम द्वारा नगर के सभी मवेशी पालकों को नोटिस जारी किया गया है।

शहरी क्षेत्र में मवेशियों का पालन करना नियम विपरित है, ऐसे मवेशी पालक जो कि शहरी क्षेत्र में अनुमति के विपरित तबेले एवं बाड़े का निर्माण कर मवेशियों का पालन किया जा रहा है वे स्वंय अपने तबेले एवं बाड़े नहीं तोड़ते है तो निगम द्वारा उन्हें तोड़ा जाकर राशि वसूल की जावेगी।

अग्निबाण 30

**बड़ा खतरा, अब घर में रहना ही बेहतर** • जिले में एक्टिव केस का आंकड़ा पहली बार 600 के पार

भास्कर का कोरोना ऑडिट

# धुलेंडी पर हमारे शहर में 79 केस मिले, ये 11 राज्यों के पॉजिटिव के योग से ज्यादा


भास्कर संवाददाता | रतलाम

आज 31 मार्च है, हम आपको कोरोना ऑडिट दे रहे हैं, यानी सालभर में कोरोना काल की इस लहर का वह सब खास-खास जो आपको जानना जरूरी है... यह इसलिए, क्योंकि, अब हमारी स्थिति चिंताजनक है। धुलेंडी पर हमारे शहर में 79 केस मिले हैं। जबकि देश के 11 राज्यों में मिले केस को जोड़ा जाए... तो संख्या 69 तक ही पहुंच रही है। मध्यप्रदेश में हम टॉप-5 शहरों में शामिल हैं।

**कॉलेज में रोज 25 से 30 मरीज पहुंच रहे, 200 से ज्यादा भर्ती :** मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि कॉलेज में मरीजों के लिए पूरे इंतजाम हैं। बेड की कमी जैसी स्थिति नहीं बनेगी। अभी 200 से ज्यादा मरीज भर्ती है, वहीं, 300 बेड तैयार है। हालांकि, मरीज डिस्चार्ज भी होते हैं, ऐसे में लगातार मैनेज होता है। रोज करीब 25 से 30 लोग कॉलेज पहुंच रहे हैं।

## ऑडिट में खास-खास... सबसे खतरनाक ये नई लहर, अब संभल जाओ

- 11 अप्रैल को रतलाम में कोरोना का पहला केस सामने आया था। उस वक्त हम सभी में डर था, लेकिन 354 दिन में कुल केस 5400 के पार हो चुके हैं।
- जिले में सिर्फ मार्च-2021 में 942 मामले सामने आ चुके हैं, ये कोरोना काल का दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है, इससे पहले नवंबर में 1017 पॉजिटिव मरीज मिले थे।
- 3 लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों में हम टॉप पर बने हुए हैं। प्रदेश में टॉप-5 शहरों में हैं, हमसे आगे बड़े शहर हैं।
- मार्च-2021 में जितने केस मिले हैं, वह 6 महीने अप्रैल, मई, जून, जुलाई, जनवरी और फरवरी में मिले कुल केस के कुल योग से भी ज्यादा हैं। इन 6 महीने में 753 मामले ही मिले।
- मार्च-2021 में 11 लोग कोरोना से दम तोड़ चुके हैं... अगस्त, सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में 8 से ज्यादा मौतें हुई थीं।
- रतलाम में अभी एक दिन में 600 से ज्यादा जांच हो रही है, अब इस आंकड़े को 900 से ज्यादा ले जाया जा रहा है, ये पहली बार है, क्योंकि... अब तक 400 तक ही जांच हो रही थी।
- मार्च से मई तक हमने लॉकडाउन झेला था, अब फिर पाबंदियां शुरू हो चुकी हैं। रविवार लॉक होने लगा है। कई तरह की आशंकाएं बनी हुई हैं।
- फरवरी में रिकवरी रेट 97% तक पहुंच गया था, जोकि, अब 87% पर आ गया है। अगस्त में रिकवरी रेट 80% रहा था। अक्टूबर में 87% के आसपास, वहीं सितंबर में 70 से 80% तक रहा था। जून में रिकवरी रेट 50% तक भी आ चुका है।



**कॉलेज में भर्ती मरीज बोले-** हमें तो हो गया कोरोना, अब आपको संभलना जरूरी यह बहुत खतरनाक है।

भास्कर

## चिंता : नहीं नजर आ रहे लक्षण

इधर, डरना इसलिए जरूरी है... क्योंकि, इस बार ज्यादातर मरीजों में लक्षण नहीं दिख रहे हैं। ज्यादातर में फेफड़ों में संक्रमण है, जो सीटी स्कैन से सामने आ रहा है। इस महीने दम तोड़ने वालों में 60 साल से कम उम्र के 4 लोग हैं, एक की उम्र तो सिर्फ 29 साल ही है। डॉक्टर घरों से नहीं निकलने की नसीहत दे रहे हैं।

## जानिए... 29 मार्च को कहां मिले केस

| राज्य | कंफर्म केस |
|---|---|
| अंडमान निकोबार | 6 |
| अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| दादरा, नगर हवेली, दमन दीव | 16 |
| लद्दाख | 33 |
| लक्षद्वीप | 0 |
| मणिपुर | 6 |
| मेघालय | 2 |
| मिजोरम | 0 |
| नगालैंड | 3 |
| सिक्किम | 0 |
| त्रिपुरा | 3 |
| कुल | 69 |

- चेन तोड़ने के लिए ऐतिहासिक कदम उठा रहे हैं लेकिन आमजन की पहल के बिना संभव नहीं है। बहुत ज्यादा जरूरी काम होने पर ही बाहर निकलें। **गोपालचंद्र डाड, कलेक्टर**

# रतलाम : 48 घंटे में 133 पॉजिटिव, 2 लोगों ने तोड़ा दम

रतलाम | त्योहार के दिन भी जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों के मिलने का सिलसिला जारी रहा। 48 घंटे में 133 पॉजिटिव मरीज सामने आ गए हैं। चिंता की बात यह है कि 2 मरीजों ने कोरोना के कारण दम तोड़ दिया है। मार्च के महीने में 11 मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा चिंताजनक है। इससे पहले सितंबर के महीने में 20 लोगों ने कोरोना से दम तोड़ा था। यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। जिले में 29 मार्च को 79 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली, तो वहीं 30 मार्च को 54 संक्रमित सामने आए। इसी के साथ जिले में अब कुल संक्रमित 5432 हो गए हैं। संक्रमितों में 3 साल के बच्चे से लेकर 80 साल के बुजुर्ग भी शामिल हैं। इधर, जिले में एक्टिव केस 601 हो गए हैं। ऐसा पहली बार ही हुआ है जब एक्टिव केस का आंकड़ा 600 के पार हुआ है।

भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ ..5... दिनांक..31/03/..2021

# साढ़े तीन दशक बाद नगर निगम में कालोनी हैंड ओवर होने पर रहवासियों ने जताई खुशी



नगर निगम में कालोनी हस्तांतरण की खुशी मनाते हुए सूरजमल जैन कालोनी के रहवासी। ●नईदुनिया

**रतलाम।** ऊंकाला रोड स्थित सूरजमल जैन कालोनी नगर निगम में हस्तांतरण होने पर रहवासियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। रहवासियों ने विधायक चेतन्य कश्यप का आभार व्यक्त किया।

रंजना जोशी ने बताया कि पिछले 35 साल से रहवासी नगर निगम में हस्तांतरण करने में लगे हुए थे, परंतु वह कार्य संभव नहीं हो पा रहा था। इस पर शहर विधायक को मामले से अवगत कराया गया।

विधायक ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से अनुमति दिलवाकर कालोनी को नगर निगम में हस्तांतरित करवाया। सुशील जोशी, गोपाल पोरवाल, राजेश पाटीदार, छोटू खां, अब्दुल खां, रोहित परिहार, आशीष जैन, मोहित, उदित आदि मौजूद थे। संचालन रंजना जोशी ने किया। आभार सुशील जोशी ने माना।

नईदुनिया 31

# सूरज मल जैन कॉलोनी नगर निगम में हैंड ओवर होने से रहवासियों ने जताई खुशी



सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

ऊकाला रोड स्थित सूरजमल जैन कॉलोनी नगर निगम में हस्तांतरण होने की खुशी में कॉलोनी वासियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी जाहिर की। रहवासियों ने माननीय विधायक चेतन कश्यप का आभार व्यक्त किया।

जिससे कि कॉलोनी में नगर निगम की सुविधाएं पहुंच सके। रंजना जोशी ने बताया कि पिछले 35 साल से हम सब रहवासी नगर निगम में हस्तांतरण करने में लगे हुए थे परंतु यह कार्य संभव नहीं हो पा रहा था इस हेतु हम सब लोगों ने विधायक जी से परामर्श कर विधायक जी ने श्री मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी से अनुमति दिलवाकर हम सब लोगों को नगर निगम में हस्तांतरित होने से लाभान्वित किया है इसलिए हम सब क्षेत्रवासी श्री मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान व रतलाम विधायक चेतन कश्यप का आभार प्रकट करते हैं। कार्यक्रम में सुशील जोशी, गोपाल पोरवाल, राजेश पाटीदार, छोटू खां, अब्दुल खां, रोहित परिहार, आशीष जैन, मोहित, उदित आदि लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रंजना जोशी ने किया। आभार सुशील जोशी ने माना। सिंघम 31

लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या

# लॉकडाउन के बाद 2 दिनों में 150 से अधिक ने संक्रमित आए सामने

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** जिले में कोरोना की बढ़ती रफ्तार में प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। दरअसल बीते कुछ दिनों से मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है जो कि चिंता का विषय बन गया है। अस्पताल में सिर्फ मरीज ही नहीं बढ़े हैं बल्कि यहां होने वाली मौत के आंकड़े में इजाफा हुआ है। लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या और मौतों ने हर किसी को चिंता में डाल रखा है।

रतलाम ही नहीं प्रदेश के अन्य जिलों में भी कोरोना संर मण के तेजी से पैर पसारने के कारण मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है जिसके चलते बाहर से आने-जाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। रेलवे स्टेशन इंदौर सहित अन्य राज्यों से आने वाले यात्रियों पर नजर रखी जा रही है लेकिन बस स्टैंड पर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है जिससे पता चल सके कि बाहर से आने वाले यात्री स्वस्थ या नहीं।

## 2 दिन में 150 पार

जिले में बीते 2 दिनों के दौरान ही मरीजों का आंकड़ा 150 के पार हो गया है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि हर दिन लगभग 70 से अधिक मरीज पॉजिटिव आ रहे हैं। बीते 3 दिनों से यह आंकड़ा 80 के करीब और 90 के पार तक जा पहुंचा है। यदि मरीजों की संख्या इसी गति से बढ़ती रही तो मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में भी बिस्तर कम पड़ जाएंगे।

## दुकान का बनाया चालान

जिले में कोरोना मरीजों की बढ़ती संख्या के बाद रात में होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर अंदर बैठकर चाय, नाश्ता और भोजन कराने वाले स्थानों पर मंगलवार रात को शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत और सीएसपी हेमंत चौहान के साथ नगर निगम का अमला निकला और होटल, रेस्टोरेंट वालों को समझाइश दी कि अंदर बैठकर किसी को खाना ना खिलाए। धान मंडी क्षेत्र में फरियाली खिचड़ी की दुकान में लोगों को बैठा देख एसडीएम ने दुकान संचालक का चालन बनाया। वहीं अन्य होटल और रेस्टोरेंट को बंद कराया।

पत्रिका 31

# कोरोना बेकाबू : दो दिन में 140 मरीज, दो की मौत

## लगातार बढ़ रहा संक्रमण : इस माह अभी तक 1021 मरीज मिले, नवंबर का रिकार्ड टूटा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की दूसरी लहर में नए मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वस्थ होने वालों की संख्या भी घटती जा रही है। एक माह में नवंबर 2020 में सर्वाधिक 1010 नए मरीज मिले थे, लेकिन यह रिकार्ड मार्च में टूट गया। मार्च के 30 दिनों में कुल 1021 मरीज मिल चुके हैं। इसमें गत दो दिन में मिले 140 मरीज भी शामिल हैं। इन सबके बावजूद भी मास्क पहनने में लोग लापरवाही बरत रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। अभी तक कुल 91 मौत हो चुकी है।



रतलाम के डालू मोदी बाजार चौराहा पर मास्क पहनने व दो गज की दूरी का पालन करने का संकल्प लेते हुए नागरिक। • नईदुनिया

### 58 स्वास्थ्य संस्थाओं पर लगेंगे कोरोना के टीके

जिले में बुधवार को 58 स्वास्थ्य संस्थाओं पर कोविड 19 का टीकाकरण किया जाएगा। 60 वर्ष से अधिक आयु के कोई भी व्यक्ति और 45 से 60 वर्ष आयु समूह के कोमार्बिडिटी से पीड़ित व्यक्ति सुबह नौ से शाम पांच बजे तक अपनी जन्म तारीख दर्शाने वाली आइडी लेकर आनस्पाट बुकिंग कराकर सीधे टीका लगवा सकेंगे।आलोट क्षेत्र में सिविल अस्पताल आलोट, सीएचसी ताल, सीएचसी खारवाकलां, उप स्वास्थ्य केंद्र गुराड़िया, मोरिया, रीछा, मीनावदा, पिपलिया पीठा, नारायणगढ़ में टीकाकरण किया जाएगा। बाजना क्षेत्र में सीएचसी बाजना, पीएचसी रावटी, उपस्वास्थ्य केंद्र कुंदनपुर, छावनी झोड़िया, राजापुरामाताजी में टीकाकरण किया जाएगा। जावरा क्षेत्र के सिविल अस्पताल जावरा, स्वास्थ्य केंद्र केरवासा, रैवास, बड़ावदा, ढोढर, मुंडलाराम, हाटपिपलिया में टीके लगेंगे। पिपलौदा क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र हतनारा, मावता, धामेड़ी, माउखेड़ी, हसनपालिया, पंचेवा, कालूखेड़ा, सुखेड़ा और सीएचसी पिपलौदा, रतलाम ग्रामीण के सीएचसी नामली, स्वास्थ्य केंद्र सेमलिया, धराड़, बिबड़ौद, बिरमावल, पीपलखूंटा, भाटीबड़ौदिया, पलास, धामनोद, मलवासा, जड़वासाकलां, सैलाना क्षेत्र के सीएचसी सैलाना, स्वास्थ्य केंद्र बल्लीखेड़ा, करिया, शिवगढ़, सरवन, सकरावदा, बेड़दा, चावड़खेड़ी और मकोड़ियारूंडी पर कोविड का टीकाकरण किया जाएगा। सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि वर्तमान में वरिष्ठ नागरिकों को कोविशील्ड के टीके लगाए गए हैं। उन सभी को दूसरा डोज लगवाने के लिए कम से कम छह सप्ताह और अधिकतम आठ सप्ताह के अंतर से आकर टीकाकरण कराना चाहिए। इसके अतिरिक्त कोवैक्सीन का टीका लगवाने के लिए पहले और दूसरे डोज के बीच चार से छह सप्ताह का अंतराल अपेक्षित है।



रतलाम के बाजार में बगैर मास्क लगाए घूमती हुई महिलाएं। • नईदुनिया

### बचाव के लिए रखें ये सावधानियां

सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए सावधानियां रखना अतिआवश्यक है। हमेशा मास्क पहनें। श्वसन संबंधी शिष्टाचार का पालन करें। खांसते और छींकते समय अपने मुंह तथा नाक को ढंककर रखें। बार-बार साबुन तथा पानी अथवा अल्कोहलयुक्त सैनिटाइजर से हाथों को धोएं। बार-बार अपनी आंख नाक और मुंह को छूने से बचें। दूर से अभिवादन करें। किसी से हाथ न मिलाएं, न गले मिलें, आपस में दो गज की दूरी जरूर रखें। सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें। अनावश्यक यात्रा से बचें। भीड़ में न जाएं।

### मास्क पहनने की ली शपथ

शहर के डालू मोदी बाजार चौराहा पर दिनेश राठौड़ मित्र मंडल द्वारा नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क पहनने और शारीरिक दूरी का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला मंत्री दिनेश राठौड़, वैभव शर्मा, शीतल माहेश्वरी, राकेश धभाई, उपेंद्रसिंह राठौर, नीरज परमार, संजय व्यास, कपिल वत्स, विवेक अग्रवाल, आलोक राठौड़, ओमप्रकाश पाटीदार, अतुल राणावत, राहुल गर्ग आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया 31

## निगम कर्मचारियों को मिला होली का तोहफा

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 18 सितम्बर 2019 को नगरीय निकायों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को समयमान/तृतीय समयमान वेतनमान नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति अनुसार लागु करने के निर्णय अनुसार नगर पालिक निगम रतलाम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वीकृति प्रदान कर कर्मचारियों को होली का तोहफा प्रदान किया है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड द्वारा संकल्प क्रमांक 22 दिनांक 27.03.2021 पारित किया गया है जिसके तहत शासन आदेशानुसार 10 वर्ष, 20 वर्ष तथा तीस वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले निगम के 290 अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ संकल्प अनुसार 01 अप्रैल 2021 से दिया जायेगा। संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को समयमान वेतनमान लागु किये जाने के दिनांक से आदेश जारी होने की दिनांक तक किसी भी प्रकार के एरियर का भुगतान नहीं किया जावेगा किन्तु वेतन निर्धारण में इसकी गणना की जावेगी।

पत्रिका 31

## समिति ने दो मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति ने प्रशासक व आयुक्त के नाम मंगलवार को दो मांग को लेकर अलग-अलग ज्ञापन सौंपा। समिति अध्यक्ष राम कल्याणे ने बताया कि अप्रैल माह में प्रतिवर्ष स्थायी कर्मचारी, 30 दिवस कर्मचारी, गैंग सफाई कामगार को 12 हजार रुपए का कर्ज गेहूं खरीदने के लिए कर्ज दिया जाता है। इसको देने की शुरुआत की जाए। इसके अलावा बस स्टैंड से जिन कर्मचारियों को काम से हटाया गया है उनको फिर से लेने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान समिति के अमर चौहान, विजय खरे, संजय पेमाल, कमलशिंदे आदि उपस्थित रहे। पत्रिका 31



# जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेत्री ने निगमायुक्त को अवगत कराया

**रतलाम।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट एवं कांग्रेस नेत्री कुसुम चाहर द्वारा वार्ड क्रमांक 9 की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मुख्य रुप से 80 फिट रोड की खस्ता हालत एवं अंधेरे में होने वाली दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। शुभम परिसर से निकलने वाली सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने हेतु एवं त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहने से रोकने हेतु तथा सज्जन मिल की चाल में पीने के पानी की लाइन को मुख्य पानी की लाइन से जोड़ने हेतु एवं शक्ति नगर में नालियों की सफाई तथा सुदामा नगर बड़बड़ में मुख्य सड़क पर पानी का भराव व नालियों को बनवाने हेतु व अन्य सभी जन समस्याओं से अवगत कराया गया। कमिश्नर द्वारा समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्रीमती वंदना पुरोहित, अनिल पुरोहित इत्यादि उपस्थित थे।

## जन समस्याओं को लेकर कांग्रेस नेत्री ने निगमायुक्त को अवगत कराया



रतलाम। शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया एवं युवक कांग्रेस अध्यक्ष मयंक जाट एवं कांग्रेस नेत्री कुसुम चाहर द्वारा वार्ड क्रमांक 9 की विभिन्न समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया को ज्ञापन दिया गया। जिसमें मुख्य रुप से 80 फिट रोड की खस्ता हालत एवं अंधेरे में होने वाली दुर्घटनाओं से अवगत कराया गया। शुभम परिसर से निकलने वाली सीवरेज लाइन को मुख्य लाइन में जोड़ने हेतु एवं त्रिमूर्ति नगर में नाली का पानी सड़क पर बहने से रोकने हेतु तथा सज्जन मिल की चाल में पीने के पानी की लाइन को मुख्य पानी की लाइन से जोड़ने हेतु एवं शक्ति नगर में नालियों की सफाई तथा सुदामा नगर बड़बड़ में मुख्य सड़क पर पानी का भराव व नालियों को बनवाने हेतु व अन्य सभी जन समस्याओं से अवगत कराया गया। कमिश्नर द्वारा समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अग्निदुनिया पृष्ठ ...03... दिनांक 30/03/...2021

# पॉलीथीन का उपयोग करने व गंदगी करने पर 7 व्यक्तियों पर जुर्माना

**50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन उपयोग प्रतिबंधित**

रतलाम। शासन निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व प्लास्टिक उपयोग प्रतिबंधित किये जाने के तहत कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। 50 माईक्रॉन की पॉलीथीन का उपयोग करने व गंदगी करने पर हीरालाल चांदनी चौक पर 2000, चंदन चांदनी चौक पर 1000, नवपद ज्वैलरी चांदनी चौक, शैलेन्द्र जेल रोड, साड़ी सरोवर नाहरपुरा पर 500-500, ईश्वर सैलाना बस स्टैण्ड व संजय कॉलेज रोड पर 100-100 का जुर्माना किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विराट मेहरा के अलावा मनोज टांक, पवन झांझोट, आकाश शिन्दे, राकेश ललावत व मनोज झांझोट आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

अ. दुनिया 30

# पॉलीथीन व डिस्पोजल आयटम चरणबद्ध तरीके से होगा प्रतिबंधित

अ. दुनिया 30

**रतलाम।** गंदगी का मुख्य कारण प्लास्टिक होने से शासन द्वारा पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों को प्रतिबंधित किया गया है। नगरीय क्षेत्र रतलाम में पॉलीथीन बैग व डिस्पोजेबल आयटमों पर चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध लगाये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बैठक में निगम अधिकारियों को निर्देशित किया। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में निर्देशित किया कि 50 माईक्रॉन से कम मोटाई की हैण्डल सहित व हैण्डल रहीत पॉलीथीन को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना है इस हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये साथ ही प्लास्टिक व थर्मोकोल के डिस्पोजेबल आयटमों को भी प्रतिबंधित किया जाना है। नागरिक व दुकानदार पॉलीथीन बैग के स्थान पर कपड़े की थैली, नारियल या जूट की थैली का उपयोग करें, प्लास्टिक व थर्मोकोल से निर्मित कप, ग्लास, कटोरी, चम्मच, कन्टेनर, स्ट्रॉ आदि के स्थान पर पेपर स्ट्रॉ, पेपर प्लेट, दोने पत्तल, पत्तों से निर्मित बाऊल, केले के तने तथा नारियल के पत्तों से निर्मित प्लेट एवं बाऊल, मिट्टी के कुल्हड़ आदि का उपयोग खाद्य एवं पेय पदार्थों के लिये करें इस हेतु प्रेरित किया जावे। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने पॉलीथीन व डिस्पोजेबल आयटमों के विक्रय, भण्डारण तथा उपयोग पाये जाने पर जब्ती व अर्थदण्ड की कार्यवाही किये जाने के निर्देश संबंधित को दिये।

# नगर निगम की रांगोली ने राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की

## रतलाम शहर की स्वच्छता के लिए रांगोली ने दी रंगमयी अभिव्यक्ति



रतलाम। रांगोली भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोक-कला है। इसके निर्माण के पीछे निहित भावना और संस्कृति में पर्याप्त समानता है। इसका प्रयोजन सजावट और सुमंगल है और ये नकारात्मक भाव का शमन कर सकारात्मक भावना का संचार करती है। रांगोली की इस प्राचीन परम्परा का उपयोग नगर पालिक निगम रतलाम ने लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक भाव जगाने के लिए किया और कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया का ये अनूठा नवाचार राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर चुका है जो रतलाम शहर के तीन लाख लोगों के लिए हर्ष और गर्व का विषय है। नगर निगम प्रशासन के प्रयास है कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर देश भर में नम्बर-1 बने। इन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा रांगोली का निर्माण कराया जाना था।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा अक्टूबर -2020 से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चरणबध्द योजनाओं पर काम शुरु किया। जिसके चलते प्रथम चरण शहर में लगभग 40-40 सालों से जमे करीब 500 से अधिक अस्थायी कचरा को नष्ट कराया। यहां कोई दोबारा कचरा न डाले इसके लिए कुछ स्थानों पर लाठीधारी कर्मचारियों को भी तैनात किया गया। मगर कुछ स्थानों पर फिर भी लोग नजर बचा कर कचरा निपटान कर ही आते थे।

नकारात्मक सोच वाले लोगों सहित अन्य नागरिकों के मन में स्वच्छता का पावन भाव जगाने के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नवाचार शुरु करते हुए कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली का निर्माण शुरु करवाया और सफाई मित्र समूह के माध्यम से पहले ही दिन शहर के 50 से ज्यादा कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली का निर्माण कराया गया। इस नवाचार के दौरान खास बात ये भी रही कि जहां-जहां कचरा मुक्त स्थानों पर रांगोली बनाई गई उसी

***स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत नगर निगम का नवाचार देशभर में सराहा गया, अब तक हजारों कचरा मुक्त स्थल, सार्वजनिक स्थानों, स्कूल, कालेजों, जल स्त्रोतो आदि स्थानों पर रांगोली के माध्यम दिया गया स्वच्छता और पानी बचाओं का संदेश***

स्थान पर उसी क्षेत्र के रहवासियों की मौजूदगी में दीपदान कराया जाकर संकल्प दिलाया गया कि वे इस कचरा मुक्त स्थान पर खुद कचरा डालेंगे और ना ही किसी दूसरे को कचरा फेंकने देंगे। इसी के साथ शहर के सार्वजनिक स्थानों, प्राचीन जल स्त्रोतो, हेण्डपंपों, कुएं,बावड़ियों आदि के आसपास भी रांगोली का निर्माण कराया जाकर स्वच्छता के साथ ही पानी बचाओं का संदेश भी दिया गया।

### रांगोली में कंटेंट से दिया संदेश

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा किये गये इस नवाचार को आज राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिल रही है इसका मुख्य कारण सफाई मित्र समूह की प्रत्येक रांगोली में स्वच्छता का संदेश रहा है। कचरे की गाड़ी, कचरा निपटान के लिए चार अलग-अलग डस्टबिन,स्वच्छता दीदी के सेवा कार्य, रिंग पिकर्स के कार्य,सफाई संरक्षक माता-बहनों और भाईयों का सहयोग सहित तीन सौ अधिक स्वच्छता से जुड़े अलग-अलग विषयों के चित्र रांगोली के माध्यम से निर्मित किए गए और प्रत्येक रांगोली में स्वच्छता से जुड़े नारे और स्लोगनों का समावेश किया गया है।

### कचरा फेंकने आए लोग उल्टे पैर लौट गई

कचरा स्थलों पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने और नागरिकों में स्वच्छता का भाव जगाने के लिए रांगोली निर्माण के दौरान कई मौके ऐसे भी आए कि जब लोग अपनी आदत के मुताबिक कचरे का थेला लेकर फेंकने आए और वहां रांगोली का निर्माण होते देख उल्टे पैर लौट गए। हनुमान ताल, अमृतसागर आदि जैसे क्षेत्रो में कुछ लोग रांगोली निर्माण के कुछ देर बाद कचरा फेंकने की नियत से आते तो उन्हें रांगोली का निर्माण करने वाले सदस्य कभी फूलों की माला, फूल तो कभी छोटी झाड़ू आदि भेंट कर दोबारा यहां कचरा न फेंकने के आव्हान करते रहे। इस गांधीगिरी का असर ये भी रहा कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने वाले लोगों ने अपना रास्ता बदल लिया या निर्धारित समय में आने वाली कचरा गाड़ियों में कचरे का निपटान करना शुरु कर दिया।

### जल संरक्षण के साथ ही बेटी बचाओं का संदेश

स्वच्छता का संदेश देने वाले नवाचार के दौरान ही नगर के पुराने कुएं,बावड़ियों, नालों,तालाबों आदि को स्वच्छ रखने और जल संरक्षण करने का संदेश भी रांगोली का निर्माण किया गया। इसी तरह शहर सीमा के हेण्डपंप, नलकूप आदि के आसपास भी रांगोली का निर्माण किया गया। इसी के साथ बेटियों को बचाने और इनकी सुरक्षा को लेकर भी समय-समय पर रांगोली के माध्यम से सकारात्मक संदेश दिया गया। विगत माह माननीय मुख्यमंत्री के रतलाम प्रवास के दौरान डोसीगांव में आयोजित कार्यक्रम में सफाई मित्र समूह के माध्यम से विशाल रांगोली के माध्यम से बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं का संदेश दिया गया था। जिसकी माननीय मुख्यमंत्रीजी ने भी सराहना की थी।

### अब बेटी बचाओं, रतलाम को अपराध मुक्त बनाओं का भी देंगे संदेश

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत रतलाम शहर को स्वच्छ,सुंदर और स्वस्थ्य बनाने के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री गोपालचन्द्र डाड एवं आयुक्त सोमनाथ झारिया के नवाचार का प्रभाव ये रहा कि लोगों में स्वच्छता का प्रति जागरुकता आने लगी और आज शहर के सभी वार्ड जीरों वेस्ट प्रक्रिया में शामिल हो चुके है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम के प्रयासों में जिला शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग आदि का भी सहयोग रहा है। ऐसे में नगर निगम प्रशासन ने निर्णय लिया है कि आगामी माह से रांगोली के माध्यम से स्वच्छता और जल संरक्षण के सहयोग के साथ ही बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, रतलाम को दुर्घटना मुक्त बनाओं, भ्रूण हत्या की रोकथाम, सुंदर बने रतलाम- हर नारी का हो सम्मान, रतलाम को अपराध मुक्त बनाओं, आदि विषयों पर संदेश दिया जाएगा।

**शहर के सभी 49 वार्ड हुए जीरो वेस्ट घोषित**

# स्वच्छता की दिशा में बड़ा कदम, स्टार रेटिंग के लिए लगाई छलांग

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. होलिका दहन के साथ ही शहर के सभी 49 वार्ड मंगलवार को जीरो वेस्ट घोषित कर दिए गए। स्वच्छता की दिशा में व स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत शहर को देशभर में नंबर एक पर लाने के लिए इसको बड़ा कदम बताया जा रहा है। असल में 5 से लेकर 7 स्टार रेटिंग के लिए पृथक कचरा संग्रहण होना जरूरी है व जीरो वेस्ट वार्ड सभी होना जरूरी है, जो नगर निगम ने कर लिए है।

नगर निगम के अनुसार इस समय शहर के सभी वार्डों में फिर से विभिन्न स्थान पर कचरा पेटियां लगाई गई है। इसके अलावा कचरा संग्रहण वाहन को डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए भेजा जा रहा है। इसमें गिला व सूखा कचरा अलग-अलग डलवाया जा रहा है। जीरो वेस्ट वार्ड के लिए शहर के 5 वार्ड शेष रह गए थे, इनको भी मंगलवार को तय मानक के लिए जरूरी कार्य को कर लिया गया। नगर निगम के अनुसार किसी भी वार्ड में कचरा को सड़क पर नहीं डाला जाता है।

## रेटिंग के लिए जरूरी है

इस समय कुछ वार्डों में गिला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित नहीं हो पा रहा था। ऐसे में नगर निगम के 5/7 स्टार रेटिंग के दावे को कमजोर माना जा रहा था, लेकिन नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने रातदिन एक करके स्टार रेटिंग के लिए जरूरी सभी वार्डों में कचरा पृथकीकरण का कार्य शुरू करवा दिया है।

## संस्थाओं का सहयोग

नंबर एक पर आने के लिए शहर की कई संस्थाओं ने अपने अपने स्तर पर सहयोग किया। इसके लिए रांगोली बनाई गई तो पत्रिका ने भी स्थापना उत्सव के अंतर्गत रॉयल कॉलेज में स्वच्छता थीम पर रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इतना ही नहीं, शहर में जो कचरा स्थल थे वहां पर स्थायी रुप से रांगोली बनने से कचरा डलना ही बंद हो गया।

शहर पूरी तरह से जीरो वेस्ट वार्ड हो गया है। आमजन सेअपील है कि वे इसमे और आगे बढ़े व अपनी गली, मोहल्ला व सड़क को पूरी तरह से साफ रखें, जिससे जब दल आए तो वे रतलाम को इस बार स्वच्छता में नंबर एक देने को मजबूर हो जाए।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 31/3/